दैनिक ट्रिब्यून

# विवेकानंद जयंती पर लें रक्तदान का प्रण : सीकरी



गुरुग्राम में शुक्रवार को रक्तदान शिविर में पहुंचे लोगों को संबोधित करते भाजपा नेता बोधराज सीकरी।-निस

**गुरुग्राम (निस)**: भारत विकास परिषद (लाल बहादुर शास्त्री शाखा) के मुख्य संरक्षक और भाजपा नेता बोधराज सिकरी ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे स्वामी विवेकानंद जयंती पर एक बार जरूर रक्तदान का प्रण लें और वह इसी साल पूरा करें। सीकरी आज स्वामी विवेकानंद जयंती और लोहड़ी के शुभ अवसर पर सुशांत आर्केड वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रोटरी क्लब की सहायता से आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर शाखा के सतीश चावला-सचिव, अजय भार्गव-उपाध्यक्ष और सुभाष सचदेव-सहसचिव एवं महिला प्रमुख सुरेश सीकरी, विनु छाबड़ा और सोनिया सचदेव उपस्थित हुए।

बड़ी बात

# दैनिक भास्कर

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित



# रक्तदान शिविर आयोजित कर मनाई लोहड़ी

## सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर आयोजित

**भास्कर ब्यूरो**



**गुरुग्राम।** बोध राज सीकरी, मुख्य संरक्षक, भारत विकास परिषद (लाल बहादुर शास्त्री शाखा) की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती और लोहडी के शुभ अवसर पर सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्केड माल में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर आयोजित किया। इसका उद्घाटन जाने माने समाजसेवी और पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोध राज सीकरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मंत्रों का उच्चारण कर के किया। इस कार्यक्रम में अपरान्ह 3 बजे तक 54 रक्त दान हो चुके थे। बोध राज सीकरी ने अपने वक्तव्य में स्वामी विवेकानंद की जीवन की महत्वपूर्ण झलक उनका राष्ट्र प्रेम और भारत विकास परिषद के ध्येय की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सावा के अध्यक्ष मनोजकुमार ने भी रक्तदान किया। एस एल आर डब्ल्यू के उपाध्यक्ष डा ए.के नागपाल ने रक्तदान के महत्व को लोगो को बताया।

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

# लोहड़ी पर्व पर लगाया गया रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की लाल बहादुर शाखा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती व लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्केड मॉल में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर भी लगाया गया। शिविर का शुभारंभ बोधराज सीकरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मंत्रों का उच्चारण कर के किया। शिविर में 54 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। सावा के अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोधराज सीकरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण झलक उनका राष्ट्र प्रेम और भारत विकास परिषद के ध्येय की विस्तृत जानकारी दी।

गुरुग्राम केसरी

## क्विक रीड

# 54 लोगों ने किया रक्तदान




श्रक्तदान के बाद सर्टीफिकेट दिखाते

गुड़गांव, 13 जनवरी (ब्यूरो): बोध राज सीकरी मुख्य संरक्षक, भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जयंती और लोहड़ी के शुभ अवसर पर सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्केड माल में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर आयोजित किया। इसका उद्घाटन प्रात: 10.30 बजे बोध राज सीकरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मंत्रों का उच्चारण करके किया। इस कार्यक्रम में अपरान्ह 3 बजे तक 54 रक्त दान हो चुके थे। बोध राज सीकरी ने अपने वक्तव्य में स्वामी विवेकानंद की जीवन की महत्वपूर्ण झलक उनका राष्ट्र प्रेम और भारत विकास परिषद के ध्येय की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सावा के अध्यक्ष मनोजकुमार ने भी रक्तदान किया। एसएलआरडब्ल्यू के उपाध्यक्ष डा ए.के नागपाल ने रक्तदान के महत्व को लोगों को बताया। लाल बहादुर शास्त्री शाखा के प्रधान राजीव छाबडा के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य उपस्थित हुए, जिनमें मुख्यत: शाखा के सतीश चावला-सचिव, अजय भार्गव-उपाध्यक्ष और सुभाष सचदेव-सहसचिव एवम् महिला प्रमुख सुरेश सीकरी, विनु छाबड़ा और सोनिया सचदेव उपस्थित हुए।

भी लगा होता है, जिसके ऊपर कई छोटे-छोटे बल्ब भी लगे होते हैं।

अमर भारती
ेश. 06 संस्करण
एक उम्मीद

# लोहड़ी पर लगाया गया रक्तदान शिविर



गुरुग्राम। भारत विकास परिषद की लाल बहादुर शाखा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती व लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशांत आर्केड वेल्फेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्केड मॉल में रोटरी क्लब की सहायता से रक्त दान शिविर भी लगाया गया। शिविर का शुभारंभ बोधराज सीकरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके और मंत्रों का उच्चारण कर के किया। शिविर में 54 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। साखा के अध्यक्ष मनोज कुमार ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोधराज सीकरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण झलक उनका राष्ट्र प्रेम और भारत विकास परिषद के ध्येय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान करें। तीन महीने में दान किए हुए रक्त की पूर्ति हो जाती है। गुरुग्राम के लोग हर तरह के कार्य में आगे रहते हैं। ऐसे में जरूरी है कि रक्तदान को भी एक अभियान बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कोई रूप नहीं होता। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के लिए भी प्रेरित किया।एसएल आरडब्ल्यू के उपाध्यक्ष डा. एके नागपाल ने रक्तदान के महत्व को लोगों को बताया। लाल बहादुर शास्त्री शाखा के प्रधान राजीव छाबड़ा के अलावा शाखा के सचिव सतीश चावला, उपाध्यक्ष अजय भार्गव और सहसचिव सुभाष सचदेव, महिला प्रमुख सुरेश सीकरी, विनु छाबड़ा और सोनिया सचदेव उपस्थित रहीं।